भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1799

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

असम-अगरतला राजमार्ग की मरम्मत में अनियमितताएं

1799. श्री बिप्लब कुमार देब:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को असम-अगरतला राजमार्ग की जर्जर स्थिति के रखरखाव/मरम्मत में अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) अगरतला राष्ट्रीय राजमार्ग-8 द्वारा असम से जुड़ा हुआ है। प्रिंट मीडिया, लोक शिकायत पोर्टल आदि में सड़क की स्थिति के बारे में कुछ संदर्भ और शिकायतें प्राप्त हुईं और जहां भी आवश्यक था, वहां रखरखाव की कार्रवाई तुरंत की गई।

*****